भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2086

जिसका उत्तर शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025/10 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

अमृतसर में उर्वरक निर्माण इकाइयां

2086. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार किसानों को राहत प्रदान करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए अमृतसर में उर्वरक इकाई की स्थापना को सहायता देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसी इकाई न केवल परिवहन लागत/आयात निर्भरता को कम करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी, कृषि सहायता देगी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और सस्ता घरेलू उत्पादन सक्षम बनकर सब्सिडी के अत्यधिक बोझ को कम करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या प्रासंगिक योजनाओं के तहत ऐसी इकाइयों का प्रस्ताव कृषि-आदान में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है और ऐसे रणनीतिक निवेश के लिए अमृतसर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): देश में स्वदेशी यूरिया के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने प्रत्येक 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एलएमटीपीए) क्षमता के नए अमोनिया-यूरिया संयंत्रों की स्थापना के लिए नामित पीएसयू की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के माध्यम से फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की रामागुंडम (तेलंगाना), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), सिंदरी (झारखंड) और तालचेर (ओडिशा) इकाइयों और हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएफसीएल) की बरौनी (बिहार) इकाई को पुनर्जीवित करने का अधिदेश दिया है। रामागुंडम और गोरखपुर इकाइयों को क्रमशः दिनांक 22.03.2021 और 07.12.2021 को शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, बरौनी और सिंदरी इकाइयों ने भी क्रमश: 18.10.2022 और 05.11.2022 को यूरिया उत्पादन शुरू कर दिया है। इन संयंत्रों से देश में स्वदेशी यूरिया उत्पादन में प्रतिवर्ष 50.8 लाख मी.टन की वृद्धि हुई है जिससे यूरिया की आयात निर्भरता में कमी आई है। तथापि, अब तक अमृतसर में उर्वरक इकाई स्थापित करने पर विचार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वर्तमान में, नेशनल फटलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) के नांगल और बटिंडा में दो यूरिया संयंत्र प्रचालनरत हैं जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता क्रमश 4.78 लाख मीट्रिक टन और 5.11 लाख मीट्रिक टन है।

*****